सार-समाचार

जिंदा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने गश्त के दौरान सोमवार को एक युवक को अवैध हथियार तथा एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। दोपहर तीन बजे मिली जानकारी में थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि जय सिंह उर्फ कालू निवासी गांव राघा छोटी अपने गांव से पहले जोड में बने कुंड पर एक अवैध हथियार लिए हुए बैठा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा जोहड रोही थान मटुई के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति कुंड पर बैठा हुआ दिखाई दिया। बैठे व्यक्ति को नाम पता पूछा तो अपना नाम जय सिंह उर्फ कालू (35) निवासी राघा छोटी होना बताया कि पुलिस ने जब बैठने का कारण पूछा तो कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया। जिस पर पुलिस ने आरोपी के कपडों की तलाशी ली तो कपडों में छुपाया हुआ एक देशी पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस मिला, जिसे पुलिस द्वारा बरामद किया गया। पुलिस ने अवैध हथियार और कारतूस के बारे में आरोपी से पूछा तो बताया कि यह हथियार उसने राकेश बेनीवाल से खरीदा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना अधिकारी सिहाग ने बताया आरोपी से पूछताछ कर हथियार खरीदने के कारण तथा हथियार बिक्री करने वाले के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बसों के ठहराव की मांग

सादुलपुर, (निसं)। गांव गोठया बडी में बसों का आवागमन व ठहराव सर्विस रोड पर करने की मांग की है। सोमवार दोपहर तीन बजे दी जानकारी में ग्रामीणों ने एसडीएम को लिखित शिकायत में बताया कि गोठया बडी राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर राजगढ हिसार रोड पर हरियाणा बॉर्डर के पास स्थित है। गांव के मुख्य बस स्टैंड पर ओवर ब्रिज बना हुआ है। इस ब्रिज के दोनों और सर्विस रोड भी है। गांव का बस स्टैंड सर्विस रोड पर है, जहां शेल्टर लगाए गए हैं। इस पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम झुंझुनू आगार, सीकर आगार, बीकानेर आगार, हरियाणा राज्य परिवहन हिसार तथा निजी बसों का दिन भर आवागमन होता है। तथा ठहराव होने वाली सभी बसे ओवर ब्रिज के ऊपर से गुजरती है तथा ग्रामीणों को ब्रिज के आगे जाकर चढना और उतरना पडता है। जो ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। इस बारे में उपरोक्त वर्णित राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के आगार, हरियाणा राज्य परिवहन हिसार के जी एम को भी प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने बसों को ठहराव सर्विस रोड पर करवाने की मांग की है। ताकि ग्रामीणों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

अवैध हथकड शराब बरामद

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध हथगड शराब बरामद की है। जबकि आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। सोमवार शाम चार बजे थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि शनिवार व रविवार रात्री को गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि लूटना मंगनी गांव में गोचर भूमि में सार्वजनिक कुंड के पास अवैध हथकड शराब लिए हुए एक व्यक्ति खडा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति सफेद कमीज पायजामा पहने अपने हाथ में प्लास्टिक जरीकन लिए हुए खडा हुआ दिखाई दिया। जैसे ही पुलिस को देखा तो आरोपी जारीकन को छोडकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि भागने वाला व्यक्ति सतवीर पुत्र रामचंद्र मेघवाल निवासी लुटाना मंगनी ही था। जिसको आवाज लगाई तो उसने पीछे मुडकर देखा और गोचर भूमि में अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने मौके पर प्लास्टिक जरीकन से पांच लीटर अवैध हथकड शराब बरामद की है तथा आरोपी के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

फागोत्सव में देर रात तक झूमे लोग

कोलसिया, (निसं)। परसरामपुरा स्थित शास्त्री फार्म हाऊस पर युवा विकास मंच के सौजन्य में फागोत्सव हुआ। फागोत्सव में नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोग और पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा के अनेक समर्थक शामिल होने पहुंचे। फागोत्सव में युवा विकास मंच के कार्यकर्त्ताओं ने भव्य आतिशबाजी की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया। फागोत्सव कार्यक्रम में शेखावाटी के प्रख्यात बल्ली मोहनवाडी एंड पार्टी, हरनंदा एंड पार्टी, महेश वर्मा एंड पार्टी, पुजारी शेखर शर्मा एंड पार्टी और गायक सुभाष सैन व मुकेश वाल्मिकी एंड पार्टी समेत कई कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा का फूलमालाएं और साफा पहनाकर अभिनंदन किया। पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने कहा कि नवलगढ़ में होली का त्योहार जश्न और आपसी भाईचारे की मिसाल है। हम सब मिलकर नवलगढ़ को एकजुट रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। होली के रंगों की तरह हम सब भी घुलमिलकर आगे बढेंगे। इस मौके पर बडी संख्या में सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, कांग्रेसी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि और अनेक समर्थक मौजूद थे।

'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम का शुभारंभ

चूरू (निसं)। स्थानीय सोती भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अन्तर्गत परियोजना चूरू (ग्रामीण) द्वारा तीन दिवसीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ सोमवार को हुआ। प्रशिक्षण का शुभारम्भ बाल विकास परियोजना अधिकारी शिवराज सिंह ने किया। यह प्रशिक्षण 17 से 19 मार्च 2025 तक आयोजित होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अति. प्रशासनिक अधिकारी कर्णपाल सिंह व वरिष्ठ सहायक नरेन्द्र कुमार महर्षि थे। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक ज्योति वर्मा, शीतल बत्रा, जयकोर, सुदेश कंवर व मंजु कुमारी जाट ने शिविर में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। भारत सरकार द्वारा 0 से 3 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन व 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा के सुदृढीकरण हेतु पोषण भी पढाई भी कार्यकम के अन्तर्गत आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सीडीपीओ ग्रामीण शिवराज सिंह ने ईसीसीई पाठ्यक्रम और शैक्षिणक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करने पर बल दिया।

एस.डी.एम. को शिकायत दी

सादुलपुर, (निसं)। ग्राम पंचायत गोठया बडी को पंचायत समिति राजगढ में रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम को लिखित शिकायत की है। साथ ही सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली से भी मुलाकात कर अपनी मांग रखी है। दोपहर तीन बजे दी जानकारी में इस अवसर पर गांव के मुकेश कुमार, वीरेंद्र व्यास, दिलीप जांगिड, सुरेंद्र सिंह, देवेंद्र जोशी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत गोठया बडी को सिद्धमुख में शामिल करने की तैयारी चल रही है। जो गांव के हित में नहीं है। सिद्धमुख की गांव से दूरी 32 किलोमीटर है तथा परिवहन सुविधा भी नहीं है आवागमन में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पडेगा। जबकि गांव से राजगढ़ पंचायत समिति मुख्यालय मात्र 20 किलोमीटर दूर है। तथा पंचायत के सभी विद्यार्थी पढाई के लिए राजगढ ही आवागमन करते हैं ग्रामीणों ने गोठया बडी पंचायत को राजगढ में ही रखने की मांग की है। तथा कार्रवाई नहीं होने पर धरना और प्रदर्शन की भी चेतावनी दी है।

राज्यपाल आज चूरू में

चूरू (निसं)। राजस्थान राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे मंगलवार, 18 मार्च को चूरू आएंगे। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल बागडे 18 मार्च को सवेरे 09 बजे सीकर से प्रस्थान कर सवेरे 10.55 बजे चूरू जिला परिषद सभागार पहुंचेंगे तथा जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे। दोपहर 12.05 बजे सर्किट हाउस, चूरू के लिए प्रस्थान करेंगे तथा लंच के बाद दोपहर 02 बजे नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

पूनियां ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया

कोलसिया, (निसं)। बाय सरपंच तारा पूनियां ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी मे नवनियुक्त राजस्थान महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह के पदभार ग्रहण समारोह में भाग लिया व सारिका सिंह को बधाई दी व राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा, कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक 24 मार्च को

सीकर (निसं)। मुख्य आयोजना अधिकारी अंजली सैनी ने बताया कि बीस सूत्री आर्थिक कार्यक्रम के अन्तर्गत माह फरवरी 2025 तक अर्जित उपलब्धियों की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 24 मार्च 2025 को प्रात:11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

लायंस क्लब के होली स्नेह मिलन समारोह में थिरके पदाधिकारी

चूरू (निसं)। सामाजिक संस्था लायंस क्लब चूरू की ओर से रविवार को टिबडेवालों की धर्मशाला में क्लब की साधारण सभा व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

क्लब एडमिनिस्ट्रेटर व प्रांतीय सचिव लायन डॉ. कमल वशिष्ठ ने बताया कि क्लब अध्यक्ष आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में क्लब की साधारण सभा की बैठक व होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नॉमिनेशन कमेटी के सदस्य लायन सुनील रंजन टकणेत ने लायनेस्टिक सत्र 2025-2026 के लिए नई कार्यकारिणी के गठन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसका सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। साधारण सभा में क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने वर्ष भर में दिए गए सहयोग के लिए क्लब सदस्यों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में फतेहपुर के लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें क्लब के सदस्यों ने सपरिवार शानदार नृत्य किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पराक्रम सिंह राठौड थे। इस अवसर पर राठौड ने लायंस क्लब के सामाजिक सरोकारों के कार्यक्रमों को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि लायन अनुराग शर्मा के नेतृत्व में लायंस क्लब चूरू ने अपनी अलग पहचान बनाई है। इस अवसर पर लायन मुकुल सिगतिया, आबिद खान, डॉ. एस.एम शर्मा, बालकिशन राजगढ़िया, डॉ. पवन जांगिड़, रामचंद राजोतिया, कार्यक्रम संयोजक मनोज जांगिड़, सुनील टकनेत, विनोद शर्मा, सी. पी. खत्री, राजीव शर्मा, महेंद्र धानुका, संजीव वर्मा, पुनीत क्याल, ओम प्रकाश बैरवा, विजय इसरानी, संजय मित्तल ने आयोजकीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में शेरू गोयनका, महेंद्र चौबे, विष्वनाथ राजगुरु, योगेश गौड़, सावन परिहार सहित षहर के गणमान्य जनों और क्लब के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

सामाजिक संस्था लायंस क्लब चूरू की ओर से टिबड़ेवालों की धर्मशाला में क्लब की साधारण सभा व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

घर में घुसकर मारपीट कर दो ऑटो के तोड़ने का आरोप

सादुलपुर, (निसं)। एक युवक को अपने दोस्त से 10 हजार रुपए उधार लेना महंगा पड गया। ब्याज ओर पेनल्टी नहीं चुकाने के कारण पीडित के साथ लाठी डंडों से मारपीट करने दो ऑटो को क्षतिग्रस्त कर दिया। सोमवार शाम चार बजे मिली जानकारी के अनुसार थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि नूरदिन पुत्र मैहर दिन दमामी मुसलमान उम्र 30 साल निवासी वार्ड नंबर 17 राजगढ ने इस आरोप का मामला दर्ज करवा है कि घरेलू कार्य की के लिए पैसों की आवश्यकता होने पर मौहल्ले की जान पहचान और दोस्त आकाश कुमार से उधार मांगे तो उसने बिना किसी ब्याज के दिनांक 10 दिसंबर 2024 को 10 हजार उधार दे दिए। आकाश ने कहा कि आपके पास जब भी पैसा हो तब आप मुझे दे देना। उसके बाद दिनांक 10 जनवरी 2025 को आकाश उसके घर पैसों का तकादा करने के लिए आया और कहा कि मुझे 20 प्रतिशत मासिक ब्याज की दर से दो हजार रुपए ब्याज के दे दो, जिस पर उसे दो हजार रुपए ब्याज के दे दिए। उसके बाद दिनांक 13 मार्च 2०25 की रात्रि को 9 बजे आकाश अपने साथ मोनू नायक पुलकित, आसिफ मिरासी निवासी नया वार्ड नंबर 17 रेलवे स्टेशन के पास को लेकर घर में जबरदस्ती घूस आए तथा उसे और उसके परिजनों को गाली-गलौज करते हुए कहा कि उसके ब्याज और पेनल्टी 3500 रुपए जमा करवा दो अन्यथा जान से खत्म कर देंगे। जिस पर परिजनों ने मौहल्ले के मौजूद व्यक्तियों को बुलाकर उनके सामने 3500 रूपये ब्याज मय प्लेंटी के आकाश को जमा करवा दिए तथा शेष 10 हजार रुपए लौटने के लिए दस दिन का समय दिया।

आरोप है कि उसके बाद 14 मार्च 2025 को बहल मोड पर शाम करीबन 6 बजे सामान लेने के लिए गया तो वहां पर आकाश, पुलकित, आशिक मिले तो उसके उसके साथ लाठी व सरियों से मारपीट की तथा उसके बाल काटकर धमकी दी कि तेरे बाल मस्जिद के सामने रखेंगे। जिस पर आस पडोस के लोगों ने बीच बचाव कर उसे छुडवाया तब अपने घर जाकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। उसके बाद परिजन आकाश के घर शिकायत लेकर गए तो लोग घर पर नहीं मिले। उसके बाद सभी लोग रात्रि को 11 बजे उसे एवं उसके परिजनों के साथ मारपीट करने के आशय से लाठी डंडे लेकर घर में जबरदस्ती घूस आए तथा आते ही गाली क्लोज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की तथा उनके दो ऑटो के शीशे तोड दिए तथा घर में पत्थर फैंके। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू की।

सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम

मुकुंदगढ़, (निसं)। मंडी बाईपास रोड पर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव आश्रम परिसर में सोमवार को आश्रम के महंत चेतननाथ महाराज एवं अभयनाथ महाराज के सानिध्य में शहर व देहाती क्षेत्रों के भक्तों का कुंभ मेले में स्नान करने की अच्छी व्यवस्था की है व सफल व्यवस्था होने पर शहर व देहाती क्षेत्रों के सेवक गणों ने एक होली स्नेह मिलन कार्यक्रम रखकर महंत चेतननाथ महाराज एवं अभयनाथ महाराज तथा सुंदरनाथ महाराज व दीपकनाथ का माल्यार्पण व शॉल ओढाकर सम्मान किया। महाराज ने कहा कि हमें भगवान ने सेवकों की सेवा के लिए ही धरती पर भेजा है और आगे भी ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में सेवकों की सेवा करते रहेंगे। इसके बाद सेवकों ने महाराज के साथ फूलों की होली खेली और भक्तों ने महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद महिला कीर्तन का आयोजन हुआ। बाबा को भोग लगाकर भक्तों को पंगत में बिठाकर प्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र पोरवाल, राजेंद्र भोडकीवाला, रामकरण डांगी, भास्कर दूलड, सुरेश शर्मा नूआंवाले, समाजसेवी रामकुमार सैनी, रघुवीर बांगडवा, महेंद्र दादरवाल, सज्जन सैन, ओमप्रकाश स्वामी बऊधाम, जगदीश बऊधाम, विनोद शर्मा, चंद्रपाल दूलड, प्रेमपाल दूलड, मनोज पोरवाल, दिनेश जांगिड, संगीता अग्रवाल, अनितादेवी, मुन्नी देवी पोरवाल, सतवीर जाखड़, शंभू पारीक फतेहपुर, राजेंद्र कुमावत सीकर, कुलदीप सांखला, राकेश शर्मा, सुरेश गोदारा, प्यारेलाल, गोपाल, सुरेंद्र सैन सहित सैंकड़ों सेवकगण मौजूद थे।

हरिशरण महाराज ने बच्चों के साथ होली खेली

चूरू (निसं)। स्थानीय भास्कर भवन में प्रत्येक रविवार को चल रही गीता क्लासेज में होली पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण हरिशरण महाराज थे। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ फूलों की होली खेली।

कार्यक्रम का शुभारम्भ हरि महाराज ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में हरि शरण महाराज का आचार्य जनार्दन, संजय सिंघानिया, श्याम भोजक, मेघराज बजाज, प्रमोद गौड़, महेश शर्मा व गणमान्य जनों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस दौरान ईशा शर्मा व किरण स्वामी ने रंगोली सजाई। इस अवसर पर हरि शरण महाराज ने बताया कि हमारे जीवन में गीता और चोटी रखने का अत्यधिक महत्व है। उन्होंने बच्चों से गीता के बारे में संवाद किया।

महाराज ने बच्चों को सरल गीता और डायरी वितरित की। इस अवसर पर माधुरी, मीनाक्षी, पूजा, अनिता, रक्षा, हर्षित सोनी, हरिकिशन बेडा, यश भाटी व अभिभावक व गीता क्लासेज के सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मोहित सिंघानिया ने किया।

गीता क्लासेज में होली पर्व का आयोजन किया गया।

युवा कांग्रेस जिला कार्यकारिणी की बैठक

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं युवा कांग्रेस जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्यालय पर स्थित होटल खाना खजाना में राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी मनीष चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में विशेष रूप से कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधींद्र मूंड मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनिल झाझड़िया ने कहा कि जल्द ही जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा और आज का जिले का जो युवा है वह गैंबलिंग और ऑनलाइन सट्टे में लिप्त होता जा रहा है। जिसके खिलाफ झुंझुनूं युवा कांग्रेस प्रत्येक गांव ढाणी तहसील ब्लॉक स्तर पर जन जागृति अभियान चलाएगी और समाज के अंदर बैठे सट्टेबाजों के खिलाफ सामाजिक बहिष्कार की मुहिम चलाएगी और कहा कि झुंझुनूं जिले के अंदर पुलिस का इकबाल खत्म हो चुका है। जिले के प्रत्येक कोने में कभी एटीएम टूट रहे हैं। कभी किसी के घर में चोरी हो रही है दिनदहाड़े डाके डाले जा रहे हैं। कानून का राज खत्म हो चुका है। बदमाशी चरम पर है जिसका हम पुरजोर तरीके से विरोध करेंगे। साथ ही अमेरिका से रोजगार के लिए गए हुए भारतीय नागरिकों को मानवीय रूप से वीडियो के साथ जहाज में भेजे जाने के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया और वर्तमान भाजपा सरकार के नुमाइंदों द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बदले की भावना के साथ कार्रवाई करने के खिलाफ सभी साथियों से एकजुट होकर विरोध करने का आव्हान किया।

जिलाध्यक्ष सुनिल झाझड़िया ने युवा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रस्तावित 25 मार्च को दिल्ली संसद घेराव के लिए ज्यादा से ज्यादा झुंझुनूं जिले से कार्यकर्ताओं के पहुंचने की बात कही। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधींद्र मूंड ने कहा कि हमें अब गांव स्तर तक कमेटियां बनाकर कांग्रेस को मजबूत बनाना है। बैठक को युवा कांग्रेस के संभाग प्रभारी चांद बत्रा, संभाग से प्रभारी राहुल यादव, प्रदेश महासचिव अविनाश लांबा, जिला उपाध्यक्ष प्रवन चौधरी ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रदेश महासचिव राहुल पूनियां, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राहुल जाखड़, पिलानी विधानसभा अध्यक्ष सौरभ शर्मा देवरोड़, जिला उपाध्यक्ष इस्माइल तंवर, जिला महासचिव चंदन नूआं, जिला सचिव आदिल खत्री, जिला सचिव लकी शर्मा सिंघाना, रवि शर्मा, साहिल कुमार, साहिल चोयल, अरमान अली, अनिल पुजारी, लोकेश चौधरी, युवराज शर्मा, पिंटू सिंह, प्रदीप बेनीवाल, हरि मीणा टोडपुरा, अरविंद मिटावा, फरमान चौपदार, अंकित पूनियां, शशांक चौधरी, सचिन ढाका, प्रतीक मूंड, राजेश खीचड, लोकेश टीटनवाड़, महेंद्र मूंड सहित सैकडों युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्तिथ रहे।

तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

सादुलपुर, (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी के बैनर तले ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर सोमवार को किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। शाम पांच बजे दी जानकारी में इस मौके पर किसान युवा नेता सुनील कुमार पूनियां ने कहा कि 28 फरवरी 2०25 तथा 14 मार्च 2०25 को ओलावृष्टि के कारण खेतों में खडी किसानों की फैसले शत प्रतिशत नष्ट हो गई। लगातार धरना प्रदर्शन और शिकायतों के बावजूद प्रशासन की ओर से अन्नदाता की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समर्थन में तहसीलदार को ज्ञापन में देकर 14 मार्च को चांदगोठी, थिरपाली, डिंगली, सुलखनीया, डिंगली, नोरंगपुरा, खबरपुरा, लीलावठी, ब्राह्मणों का बास आदि गावों मे औलावृष्टी हुई, जिसके कारण खेतो में तैयार पक्की फसल झड़ गयी।

तय दरों से अधिक राशि वसूलने पर आधार केन्द्र का निरीक्षण किया

सीकर (निसं)। सत्यनारायण चौहान संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ने बताया कि कार्यालय में प्राप्त शिकायतों की जांच करने के लिए सोमवार को सीकर तहसील कार्यालय में संचालित आधार केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आधार ऑपरेटर विनोद कुमार केन्द्र पर मौजूद मिला। आधार ऑपरेटर द्वारा किये गये आधार कार्य का कोई रिकार्ड संधारित नहीं कर रखा था तथा मौके पर कोई रसीद बुक भी नहीं मिली। ऑपरेटर द्वारा ग्राहकों को यूआईडी जयपुर द्वारा प्रदत रसीद नहीं दी जा रही थी। ऑपरेटर द्वारा केन्द्र पर आधार केन्द्र अवस्थित होने संबंधी कोई भी बोर्ड नहीं लगा रखा था। जिला कार्यालय में ऑपरेटर के ऑवरचार्जिंग के संबंध में शिकायते प्राप्त हुई थी तथा निरीक्षण में ऑपरेटर ऑवरचार्जिंग करता हुआ पाया गया। मौके पर एक ग्राहक मिला जिसके द्वारा मोबाईल नम्बर अपडेट करवाने का कार्य करवाना था लेकिन ऑपरेटर द्वारा बायोमेट्रिक अद्यतन भी साथ करके ग्राहक से 100 रूपये लिये गये। यूआईडीआई के नियमानुसार कार्य नहीं करने कारण जिला कार्यालय द्वारा ऑपरेटर से लैपटॉप, बायोमेट्रिक व आईरिश मशीन जब्त की गई तथा ऑपरेटर को यूआईडीआई द्वारा ब्लैकलिस्ट करवाने के लिए मुख्यालय जयपुर को अनुशंषा भिजवायी गई है।

संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग सत्यनारायण चौहान ने बताया कि समस्त केन्द्रों पर आमजन के लिए नया आधार नामांकन नि:शुल्क व जनसांख्यिकी अपडेट अद्यतन के 50 रूपये निर्धारित है व बायोमैट्रिक डाटा अपडेट के 100 रूपये निर्धारित है।

ऑपरेटर द्वारा नामांकन व अद्यतन करने की रसीद भी आमजन को दी जाती है, आमजन को नामांकन व अद्यतन की रसीद ऑपरेटर से अवश्य प्राप्त करनी चाहिए। यदि कोई ऑपरेटर निर्धारित दरों से अधिक राशि वसूलता है तो आमजन इसकी शिकायत सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के जिला एवं ब्लॉक कार्यालय में दर्ज करवा सकता है तथा साथ ही 1947 टोल फ्री नम्बर पर दर्ज करवा सकता है।

नीमकाथाना को जिला बनाए रखने की मांग, धरना जारी

पाटन (निसं)। नीमकाथाना को जिला बनाए रखने की मांग को लेकर हरियाणा सीमा से सटे ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा में सोमवार को धरना प्रदर्शन जारी रहा। जिला बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में ग्रामीणों ने क्रमिक भूख हड़ताल कर सरकार के फैसले का विरोध किया।

धरने में ग्राम पंचायत सरपंच अनिल कुमार, जगदीश प्रसाद, विशंभर दयाल, रामेश्वर सैनी, घासीराम कप्तान, राकेश वर्मा और रूडमल सैनी समेत कई लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए टायर जलाकर विरोध जताया। वहीं, कांताप्रसाद शर्मा, कमल सैनी, शिवपाल जांगिड, डालुराम सैनी, फूलचंद सैनी, रमेश छावड़ी, श्रवण सैनी, सरोज देवी, इंद्र देवी और मिश्री देवी ने भी धरने को समर्थन दिया। जिला बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य बसंत यादव और मीडिया प्रभारी नरेश टेलर भी प्रदर्शन स्थल पर मौजूद रहे।

ग्राम सरपंच अनिल स्वामी ने कहा कि स्यालोदड़ा हरियाणा सीमा से मात्र 100- मीटर की दूरी पर स्थित है, इसके बावजूद सरकार ने नीमकाथाना को जिला सूची से हटा दिया।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया, तो यह पूरे सीकर संभाग में असंतोष को जन्म देगा और सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाएगा। संघर्ष समिति के सदस्य विशंभर सैनी ने कहा कि नीमकाथाना जिले की मांग वर्षों पुरानी है और यह सभी मानकों को पूरा करता है।

बावजूद इसके, सरकार ने इसे राजनीतिक दबाव में निरस्त कर दिया, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। कप्तान घीसाराम ने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि उन्होंने अन्यायपूर्ण तरीके से नीमकाथाना को जिला सूची से हटाकर जनता के साथ धोखा किया है। 'नीमकाथाना जनसंख्या, भौगोलिक विस्तार और प्रशासनिक दृष्टि से सभी मानकों पर खरा उतरता है, फिर भी इसे जिले से वंचित कर दिया गया।

यह क्षेत्र 20 साल पीछे चला गया है, जिससे युवाओं को भारी नुकसान हुआ है। सरकार को जल्द से जल्द अपने फैसले पर पुनर्विचार कर नीमकाथाना को जिला का दर्जा देना होगा,। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उचित निर्णय नहीं लिया गया, तो विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा।

सफलता के टिप्स दिये

डूंडलोद, (निसं)। वीररस के कवि, अभिनेता और मोटिवेशनल स्पीकर विवेक पारीक ने भूटान में अपनी कविताओं की प्रस्तुति दी। विवेक शेखावाटी के पहले ऐसे युवा कवि हैं। जिन्होंने गैर हिन्दी व गैर राजस्थानी भाषी भूटानी विद्यार्थियों का परिचय ना सिर्फ राजस्थानी और हिंदी की कविताओं से करवाया। बल्कि उनका मर्म भी समझाया। करीब एक सप्ताह की भूटान यात्रा पर गए विवेक पारीक को भूटान की शिक्षण संस्थाओं द्वारा काव्य पाठ व प्रेरक सत्र के लिए आमंत्रित किया गया।

सार-समाचार

डॉक्टरों के रिक्त पदों को भरने की मांग

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में राजकीय चिकित्सालय में लंबे समय से डॉक्टर के रिक्त पदों को भरने की मांग को इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्टस पत्रकार संघ का धरना सोमवार को 28 वे दिन भी जारी रहा। धरना पर डॉक्टरों की रिक्त पदों को भरने के लिए सर्व समाज हस्ताक्षर अभियान भी जारी है जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। पीसीसी सेकेट्री तिलोक चंद कडेल ने धरने पर आकर पूर्ण रूप से समर्थन देते हुए कहा कि राजलदेसर राजकीय चिकित्सालय में डॉक्टर नहीं है लोगों को काफी परेशानी हो रही है सरकार को इस महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान देना चाहिए। नेशनल हाईवे 11 पर कस्बा होने के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है। डॉक्टरों के 7 पदों में से सिर्फ एकमात्र डॉक्टर है राजलदेसर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी बहुत परेशानी होती है डॉक्टर के अभाव के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है सरकार को इस और ध्यान देना चाहिए जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करवाना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद भागीरथ रेगर, प्रेमप्रकाश सोनी, अब्दुल अजीज, बिरदीचंद प्रजापत, सुरेंद्र टाक, पार्षद ताराचंद वाल्मीकि, इकबाल, विनोद सैनी, पवन शर्मा, संतोष खडोलिया, मांगीलाल, कुंदन मल, हनुमान, किशनलाल, देवाराम, हनुमान कुण्डलिया, सुशील दाधीच, अब्दुल हकीम व पत्रकार सहित अनेकों संख्या में कस्बे के लोगों ने धरने पर हस्ताक्षर करके समर्थन दिया।

डिजिटल अवेयरनेस शिविर आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के दिशा निर्देशों के तहत मणीदेवी मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुढागौडजी में डिजिटल अवेयरनेस शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत स्थानीय स्तर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया टोडी शाखा की तरफ से एक शिविर का आयोजन किया गया एवं बैंक शाखा से शाखा प्रबंधक विजयसिंह मीणा ने विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों को डिजिटल पेमेंट एवं डिजिटल अवेयरनेस के संबंध में बताया एवं शिविर में विद्यालय स्टाफ तथा बच्चों ने खूब रुचि से भाग लिया एवं आपसी प्रश्न पूछ कर भी शिविर को सफल बनाया गया। इसके अलावा विद्यालय प्रशासन एवं विद्यालय स्टाफ ने बैंक द्वारा स्कूल में किए गए अन्य विकास कार्यों के लिए भी बैंक का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद दिया। जैसा की यूनियन बैंक आफ इंडिया टोडी शाखा इस विद्यालय के लिए भामाशाह भी है। भामाशाह होने के नाते यूनियन बैंक ने कुछ समय पहले स्कूल को पंखे प्रदान किए एवं शौचालय का निर्माण करवाया था। इस डोनेशन के लिए भी विद्यालय स्टाफ एवं प्रधानाचार्या विजय इंद्रा ने यूनियन बैंक का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। शाखा प्रबंधक विजय सिंह मीणा को इसके लिए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया।

रोजा इफ्तार की दावत दी

चूरू (निसं)। जिला म